तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024

प्रीपेड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट... 10



स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान... 12





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय प्रेक्वेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.

खबर संक्षेप




### नाबालिग लड़की की जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र की एक नाबालिग युवती की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे कोयल शर्मा पिता राजकुमार (17 साल) निवासी सरायपाली ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सरायपाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना लगुतराम ध्रुव ने पुलिस को दी की उसके पिता जयलाल ध्रुव (65 साल) ने 11 जुलाई को अज्ञात कारणों से फांसी लगा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### नाबालिग युवक लापता, केस दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय युवक लापता हो गया। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक, 11 जुलाई को नाबालिग युवक को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया है। परिजनों ने आसपास पतासाजी की, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद युवक की गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज करायी गई। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।



### बस कंडक्टर से मारपीट

**महासमुंद।** सवारी बिठाने और पुरानी रंजिश को लेकर बस कंडक्टर के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी ने आरोपी के खिलाफ महासमुंद सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि खनूजा बस ट्रैवल्स के प्रार्थी व कंडक्टर चंद्रहास मानिकपुरी पिता ईतवारी दास और चालक नारायण सोनी 10 जुलाई को बस क्रमांक सीजी 06 एच 0224 से रायपुर से बुंदेली जाने के लिए निकले। दोपहर करीब 12.30 बजे आरंग बस स्टैंड में पहुचे थे, सवारी बिठा रहे थे। उसी समय चंद्राकर ट्रैवल्स में काम करने वाले आरंग के जीतू एवं शेख आए और सवारी बिठाने की बात व पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी चंद्रहास मानिकपुरी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपी जीतू ने बेल्ट से एवं शेख ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से बायें हथेली एवं पीठ में चोट आई है। कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# यूरिया खाद की डिमांड बढ़ी, किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार



## 33 हजार टन से ज्यादा खाद का हो चुका उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आगामी दिनों में अच्छी बारिश और किसानी में यूरिया की आवश्यकता के चलते इन दिनों यूरिया के उठाव में तेजी आ रही है। किसानों की मानें तो आने वाले दिनों में बारिश के बाद यूरिया की आवश्यकता होगी। हालांकि, वर्तमान में अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से खाद का उठाव धआमी है लेकिन आने वाले दिनों की तैयारी के चलते अब यूरिया के उठाव में तेजी आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार किसानों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब तेजी से खाद की डिमांड बढ़ती जा रही है। 44751 टन खाद का भंडारण किया गया था। इनमें से 33772 टन खाद का उठाव हो चुका है। वहीं, 10980 टन खाद गोदामों में शेष है। बता दें कि साधन संपन्न किसान अपने खेतों में बोनी कर चुके हैं। अनेक किसानों के खेतों में धान निकलने लगे हैं। वहीं, रोपा लगाने वाले किसान को यूरिया खाद की आवश्यकता अधिक पड़ रही है। फलस्वरूप यूरिया तथा डीएपी खाद की मांग अधिक है। आने वाले समय में इसकी मांग और अधिक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला सहकारी बैंक से मिले आंकड़ों के मुताबिक चालू खरीफ सीजन के लिये इस बार यूरिया 21357 टन, सुपर फास्फेट 5779, डीएपी 12049, पोटाश 2270 एनपीके 3296 कुल 44751 टन खाद का भंडारण किया गया था। इनमें से 17008 टन यूरिया, 4065 सुपर फास्फेट, 9351 डीएपी, 1419 कुल 3372 खाद का वितरण किया जा चुका, है। वहीं, 4349 टन यूरिया, 1714 सुपर फास्फेट, 2698 डीएपी, 852 पोटाश, 1368 एनपीके कुल 10980 टन खाद शेष है।

**मांग:** ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कहा- लगातार उपेक्षा से हैं काफी परेशान

# झलप उपतहसील के अधिकारी व कर्मचारियों के फेरबदल की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शिकायत पत्र में कहा है: कार्यालय में बिना रिश्वत कोई कार्य नहीं होने का भी नागरिकों ने लगाया है आरोप

झलप उपतहसील में कथित व्यापक भ्रष्टाचार के निराकरण की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में झलप तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार और पटवारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई। नागरिकों ने बताया कि उप तहसील कार्यालय विगत कुछ अर्से से भ्रष्टाचार व लेन-देन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। कार्यालय में बिना रिश्वत कोई कार्य नही होने का आरोप भी नागरिकों ने लगाया है।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचे क्षेत्र के किसान, व्यवसायी, छात्र, पालक व अन्य ने बताया कि वे अपने छोटे-छोटे कार्यों को लेकर उपतहसील पहुंचते हैं और लगातार उपेक्षा के चलते काफी परेशान है। नागरिकों ने बताया कि हाल ही में इस कार्यालय में घटित मारपीट की घटना इसी आक्रोश की परिणिति है। झलप में पदस्थ नायब तहसीलदार व पटवारी को हटाकर नवीन पदस्थापना की मांग करते हुए नागरिकों ने कहा है कि क्षेत्र के लोगों को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएं, अन्यथा आगामी दिनों में जन आक्रोश को संभालना कठिन होगा। कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने तीन लोगों के मय शपथपत्र आपबीती की भी जानकारी जिला प्रशासन को दी। इसकी सत्यता की जांच शासन प्रशासन द्वारा की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में शम्मी सलूजा, देवा नायक, किशन कोसरिया, कुलजीत सलूजा, कमल कौशिक, सागर साहू, वरियाम सिंह, विजय पटेल, यूनुस खान, देवेंद्र रौतिया, मुन्ना साहू, राजू साहू, कोमल लोधी, राजा खोसा, तरुण पटेल, नूतेंद्र पटेल, कमलेश पटेल, तेज पटेल, जावेद खान, विक्रम ध्रुव, समीर खान, ईश्वर ध्रुव, शिव कुमार बघेल समेत 40 से 50 ग्रामीण मौजूद रहे।



**मामला क्र.- 1**

सिंघौरी पंचायत के ग्राम फुलवारी निवासी कोमल पिता श्यामू लोधी ने प्रस्तुत शपथ पत्र में कहा है कि वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की शेष बोनस राशि शासन के द्वारा जारी की गई। समिति में संपर्क करने पर कहा गया कि स्व. सावित्री बाई लोधी के वारिसान के खाते में राशि डाली जाएगी। जिसके लिए उपतहसील में मय दस्तावेज आने देने के बाद भी पैसे की मांग की जाती रही अंततः दस हजार रुपए की राशि नगद देने के बाद राशि हस्तांतरित की गई।

**मामला क्रमांक - 2**

ग्राम सरेकेल निवासी ईश्वर पिता तेजराम ध्रुव ने बताया कि झलप में मेरी भतीजी गरिमा ध्रुव पिता बसंत ध्रुव के नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन जाति प्रमाण पत्र का ऑनलाइन आवेदन सितंबर 2023 को किया गया। 15 दिवस में जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर उपतहसील झलप में पदस्थ नायब तहसीलदार युवराज साहू से संपर्क किया तो उन्होनें बीस हजार रुपये की मांग की तो एसडीएम अधिकारी उमेश कुमार साहू से मुलाकात की एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन जांच करके मुझे दस कार्यालयीन दिवस में जाति प्रमाण पत्र जारी हो जाने का आश्वासन दिया। एक महीने बीत जाने के बाद नायब तहसीलदार युवराज साहू से मुलाकात कर अपने आवेदन के बारे में पूछताछ करने पर दस हजार रुपये देने पर ही जाति प्रमाण पत्र जारी करने की बात कही गई। बच्ची के भविष्य को देखते हुए मैंने मजबूरन दस हजार युवराज साहू नायब तहसीलदार को नगद दिया और उनके द्वारा कल आने को कहा गया। दूसरे दिन उनसे मुलाकात करने पर उनके द्वारा मुझसे दुर्व्यवहार किया गया और एसडीएम से शिकायत करते हो कहकर जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करूंगा कहा गया और अंत तक प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया।

# हेल्थ ऑफिसर से दुष्कर्म मामले में कांग्रेस नेता उत्तम गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**पीड़िता की रिपोर्ट नहीं लिखने वाले टीआई पर गिरी गाज, तत्काल निलंबन की कार्रवाई**

जिले में कांग्रेस नेता पर सीएचओ (चीफ हेल्थ ऑफिसर) से दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता जब थाने पहुंची तो थाना प्रभारी ने एफआइआर भी नहीं लिखी। इसके बाद एसपी तक शिकायत पहुंची तो थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। टीआई पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने आनन-फानन में पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी नेता उत्तम राणा को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, 32 साल के उत्तम राणा ने युवती को शादी का झांसा दिया। जिले में चीफ हेल्थ ऑफिसर युवती से कोमाखान के उत्तम की पहचान हुई जिसके बाद से वह 3 सालों तक दुष्कर्म करता रहा। आरोपी ने खुद की शादी होने की बात भी पीड़िता से छिपाए जाने की बात सामने आई है।

### शादीशुदा होने की भनक लगी तो पहुंची थाने

आरोपी कांग्रेस नेता की शादी 3 साल पहले यानी 2021 में ही हो चुकी है। पीड़िता को जब इस बात का पता चला कि युवक शादीशुदा है तो वह 10 जुलाई को कोमाखान थाने पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि थाने के पुलिसकर्मियों ने इसकी शिकायत दर्ज नहीं की और उसे घंटों बिठाए रखा।






### थाने में नहीं लिखी रिपोर्ट तो पहुंची एसपी के पास

थाना प्रभारी ने पीड़िता को बाद में आने कहा पीड़िता का आरोप है कि आरोपी कांग्रेस नेता उत्तम राणा के खिलाफ एफआईआर करने से पुलिसकर्मी बचते रहे। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाने के टीआई से भी की लेकिन, किसी तरह की सुनवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी ने पीड़िता को बाद में आने को कह दिया। न्याय न मिलता देख पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची। युवती ने एसपी आशुतोष सिंह तक अपनी आपबीती पहुंचाई।

### नए कानून के तहत भेजा गया जेल

एसपी ने पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पहले तो कोमाखान थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग को सस्पेंड किया। इसके बाद पीड़िता की एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए आरोपी कांग्रेस नेता उत्तम राणा को भारतीय दंड संहिता की धारा 64 (2) एम, 331, 115 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# 18 हजार ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य, बिजली चोरी पर रहेगी नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बिजली वितरण सिस्टम भी अब स्मार्ट होगा। ट्रांसफार्मरों और फीडर में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 18 हजार ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे बिजली चोरी पर बिजली विभाग की नजर रहेगी। शीघ्र ही ट्रांसफार्मरों में भी स्मार्ट मीटर लगेंगे। ट्रांसफार्मरों और फीडरों पर बिजली आपूर्ति व खपत का पूरा हिसाब रहेगा। इसके साथ ही कहीं पर फाल्ट की शिकायत आती है तो स्मार्ट मीटर के माध्यम से शीघ्र पता भी लगाया जा सकता है।

महानगरों में पहले से ही स्मार्ट मीटर की व्यवस्था है। जिले में भी अब नए कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा नई लाइन भी बिछाई जाएगी। बिजली विभाग के पास एक-एक यूनिट बिजली खपत का लेखा-जोखा रहेगा। किस ट्रांसफार्मर पर कितना लोड बढ़ गया है, की जानकारी भी स्मार्ट मीटर के माध्यम से मिल जाएगी। बिजली विभाग स्मार्ट मीटर के माध्यम से हर उपभोक्ता पर नजर रख सकेगा। बिजली चोरी की समस्या पर भी लगाम कसी जा सकेगी। बिजली चोरी पर अंकुश लगाना और लाइन लॉस में कमी लाना फोकस है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने बताया कि ट्रांसफार्मरों में भी स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। इससे बिजली वितरण भी स्मार्ट होगा। जिले में 18 हजार स्मार्ट मीटर ट्रांसफार्मरों में लगाने का लक्ष्य है।

### बिजली चोरी रोकने का प्रयास

स्मार्ट मीटर यह भी बताएंगे कि कितने की बिजली चोरी हुई है। इससे पहले विभाग को अपने दल-बल के साथ जाकर बिजली चोरी पर जाकर कार्रवाई करनी पड़ती थी और कनेक्शन काटने का कार्य किया जाता था। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर बिजली चोरी के मामले ज्यादा आते हैं।

### बिल संबंधी शिकायतें दूर होंगी

स्मार्ट मीटर से मीटर रीडिंग और बिल संबंधित शिकायतों से भी निजात मिलेगी। उपभोक्ता घर बैठे स्मार्ट मीटर की रियल टाइम निगरानी कर सकेंगे। अभी दो-तीन माह प्री- पेड व्यवस्था लागू नहीं होगी, जब पूरी तरह से व्यवस्था हो जाएगी। उसके बाद प्री-पेड की व्यवस्था लागू की जाएगी।

### होटल में खाना खा रहे व्यक्ति से मारपीट, दो के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** होटल में खाना खाने गए एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पिथौरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी भोजसिंग तांडी पिता भगतराम तांडी निवास वार्ड क्र. 07 पिथौरा के पास स्वयं की एक मारूति ईको कार है जिसे वह किराए पर चलाता है। 8 जुलाई को ग्राम टेका का दानिश किराए पर भोजसिंग के वाहन को लेकर गए थे, लेकिन उसका किराया 1 हजार रुपए नहीं दिया था। जब भोजसिंग किराया की रकम मांगने के लिए उसके घर गया था, तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। इसके बाद भोज सिंह 10 जुलाई रात करीब 12 से 1 बजे के मध्य पिथौरा के पहलवान होटल में खाना खा रहा था। इसी दौरान दानिश और ताजिंदर सिंग ने भोजसिंग के साथ गाली गलौज कर विवाद शुरू कर दिया और जान से मारने धमकी दी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी दानिश, ताजिन्दर सिंग के खिलाफ 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस, के तहत अपराध कायम किया है।

### ठेला लगाने वाले को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** संजय गार्डन के पास ठेला लगाने वाले को एक युवक द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रार्थी ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि खैरा का भुवन विश्वकर्मा पिता नाथूराम विश्वकर्मा संजय गार्डन के पास ठेला लगाकर भेल, गुपचुप, एग रोल बेचने का काम करता है। 11 जुलाई की शाम करीब 07 बजे ग्राम खैरा निवासी दीपक यादव ठेले में अंडा भुंजी खाया और बिना पैसा दिए जाने लगा। जब ठेले वाले ने उससे पैसा मांगा तो आरोपी तू पैसा मांगने वाला कौन होता है कहकर गालियां देने लगा। जब उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही प्रार्थी की पत्नी सोनिया विश्वकर्मा एवं भाभी संतोषी विश्वकर्मा के साथ भी उसने गाली गलौज की। रिपोर्ट के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेत से भरी ट्रैक्टर ने मासूम स्कूली छात्रा को रौंदा

**महासमुंद।** ग्राम जोरातराई (झलप) में 11 जुलाई को रेत से भरी ट्रैक्टर ने एक मासूम स्कूली छात्रा को रौंद दिया। हादसे में मासूम छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार सूचना मिल रही है कि घटना के तुरंत बाद आनन-फाफन में वाहन चालक व मालिक ने परिजनों से बातचीत कर मामला रफा दफा कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक का लाइसेंस ना ट्रैक्टर का बीमा है। पुलिस तक बात नहीं ले जाने कहा। मृतक बच्ची का नाम लावनिया पिता संतोष सिंह विश्कर्मा (6 साल) पहली कक्षा की छात्रा थी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद शाम को घर जा रही थी। बच्ची रास्ते में ये घटना हुई। सूत्रों से जानकारी मुताबिक घायल बच्ची को झलप के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। आनन-फानन में मृतक बच्ची का अंतिम संस्कार भी रात में ही कर दिया गया।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम चल रहा है। एक तरफ सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं, साथ ही अब घरेलू के साथ अन्य वर्गों के उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा।

खास खबर

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले की तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

## 20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे

### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।



### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।

## खबर संक्षेप



### डूंडा स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित डूंडा के शासकीय हाईस्कूल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट-गाइड के जिला पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर शामिल हुए। डूंडा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों ने शाला परिवार के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर भारत स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष जी. स्वामी, वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर, रेलवे के सीनियर डिवीजन मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, सचिव मृत्युंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, अखिलेश अमले, दिनेश शुक्ला, विकासखंड सचिव मुकेश बोरकर, विष्णु साहू सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### शालेय शिक्षक संघ ने पदोन्नति को लेकर संचालक से की चर्चा

**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति में हो रही देर की ओर संचालक का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के करीब 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त होने की जानकारी भी दी। इसके साथ ही व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 7 वर्षों से पदोन्नति नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए पिछले 6 साल से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाया गया है, जबकि संगठन ने सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटिरहित सूची जारी करने की मांग की थी।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संस्थापक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि आज विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा है, जिसमें प्रत्येक राज्य के हर जिले के कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसी कड़ी में संस्था ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की।

## पंचायतों और निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने मांग

# वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

16वें केंद्रीय वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को मे-फेयर लेक रिसोर्ट, नवा रायपुर अटलनगर में परिचर्चा का आयोजन किया गया। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ आयोजित परिचर्चा में पंचायत विभाग के सचिव एस. भारतीदासन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायतों को प्राप्त राशि, उनकी आवश्यकताओं और उनके वित्तीय प्रबंधन की जानकारी आयोग को दी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं को रखते हुए आयोग के समक्ष सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने पंचायतों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने केंद्र से अधिक सहायता की मांग की। नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. ने नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति, उनकी चुनौतियों और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। नगरीय निकायों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वित्तीय चुनौतियों और विकास की आवश्यकताओं पर चर्चा की तथा आयोग के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। उन्होंने नगरीय निकायों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और उनके वित्तीय प्रबंधन को सुधारने की मांग की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एन्नी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्यकांति घोष, प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, वित्त आयोग के सचिव रित्विक पांडे, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेंद्र सिंह सहित दल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग

आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी परिचर्चा की। इस बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने-अपने दलों की ओर से सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने, केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय समन्वय को सुधारने तथा विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग की।

### कांग्रेस ने दिए 21 बिंदुओं पर सुझाव

16वें वित्त आयोग की टीम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 21 बिंदुओं पर सुझाव दिया है। जीएसटी क्षतिपूर्ति, विशेष राज्य के दर्जे को लेकर सुझाव दिए गए हैं। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग और वित्तीय संसाधनों में राज्य की हिस्सेदारी बढाने, कुपोषण एवं कृषि क्षेत्र के लिए की राहत पैकेज, नवा रायपुर में आईटी हब, होलसेल कॉरिडोर के लिए पैकेज की मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासियों की 30 प्रतिशत से अधिक, अनुसूचित जाति की 12 प्रतिशत से अधिक और अन्य पिछड़ा वर्ग की बडी आबादी, आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी चुनौतियां, चूंकि नक्सली स्थिति को दुर्लभ आंतरिक क्षेत्रों में व्यापक बुनियादी ढांचे के विकास से दूर किया जा सकता है। विभिन्न बुनियादी सुविधाओं के तेजी से विकास के लिए एक विशेष पैकेज प्रदान किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष विधि विभाग देवा देवांगन, सीए रवि ग्वलानी उपस्थित थे।

# फुंडहर गोठान बनेगा गो अभयारण्य जोनस्तर पर होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- सीएसआर मद से होगा काम, 8 एकड़ में फैला है गोठान
- निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाने दिये निर्देश

फुंडहर स्थित नगर निगम का गोठान अब गो अभयारण्य का स्वरूप लेगा। 8 एकड़ क्षेत्र में फैले इस गोठान को सीएसआर मद में गो अभयारण्य बनाया जायेगा। इसमें गायों को रखने पक्के शेड, हरा चारा, पानी, प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को गो अभयारण्य का प्रस्ताव बनवाने निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने फुंडहर गोठान का निरीक्षण के दौरान गोवंश के लिए वहां हरा चारा, पानी और सफाई की व्यवस्था देखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी फुंडहर गोठान का सर्वे कर इसे गो अभयारण्य बनाने प्रस्ताव तैयार करेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा के लिए यहां गो अभयारण्य बनाने की योजना है। फुंडहर गोठान में वर्तमान में 225 गोवंश रखे गये हैं। गोठान का सर्वे कराकर उसके विस्तार के संबंध में सीएसआर मद के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त एके हालदार, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित जोन के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गोकुलनगर गोठान पहुंचे निगम कमिश्नर, व्यवस्था देखी

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 क्षेत्र के गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचकर गोमाता को गुड़ खिलाकर गो सेवा की। उन्होंने गोठान में रह रहे करीब 650 मवेशियों के लिए चारा, पानी सहित परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस मौके पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा उपस्थित रहे।

# महादेव सट्टा मामले में भीम, अर्जुन के बाद छोटा भाई सहदेव गिरफ्तार ईओडब्लू ने दो करोड़ फ्रीज कराए



- आरोपी को जांच एजेंसी ने पटना से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने पटना में बैठकर सट्टा संचालित कर रहे तीन अन्य को गिरफ्तार किया

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू ने तीन साल से फरार चल रहे निलंबित पुलिसकर्मी सहदेव यादव को बिहार, पटना से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने आरोपी का 11 बैंक अकाउंट में जमा दो करोड़ रुपए फ्रीज भी कराया है। साथ ही सट्टे की रकम से खरीदी गई इनोवा कार पुलिस ने जब्त की है।

गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने जिसे गिरफ्तार किया है, उसके दो भाई पुलिसकर्मी भीम तथा अर्जुन को ईडी की टीम पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। महादेव सट्टा एप में नाम आने तथा अपने दो भाइयों की गिरफ्तारी के बाद से सहदेव पुलिस तथा जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया था। सहदेव पर आरोप है कि वह महादेव सट्टा बुक के प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के संपर्क में रहकर हवाला लेनदेन में हाथ बंटाने का काम करता था। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है।

### सहदेव की निशानदेही पर तीन अन्य गिरफ्तार

बिहार में बैठकर महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित कर रहे सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने बिहार, गोपालगंज से राजा चौहान, बबलू चौहान तथा रंजन चौहान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े महत्वपूर्ण दस्ताजेव जब्त करने के साथ ही सहदेव के साथ अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# पुलिसकर्मी प्रायश्चित करने पहुंचे गुरुद्वारा, कहा- सेवा कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- मारपीट के दौरान सिख ड्राइवर की पग गिरने का मामला

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व इंटरस्टेट बस टर्मिनल में जांच के दौरान चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक सिख ड्राइवर को जांच के नाम पर थाने लाकर पीटने तथा मारपीट के दौरान पग गिरने की घटना हुई थी। ड्राइवर की पग गिरने की घटना को सिख समाज ने गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। एसएसपी ने शिकायत के आधार पर चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मी अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रायश्चित करने स्टेशन रोड गुरुद्वारा पहुंचे। जहां स्टेशन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने उन्हें क्षमा करते हुए गुरुद्वारा में सेवा करने अवसर प्रदान किया है।

स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा के मुताबिक, ड्राइवर के साथ हुई घटना में शामिल पुलिसकर्मी गुरुद्वारा में प्रायश्चित करने पहुंचे, तब उन्हें गुरुद्वारा के अलावा किसी अन्य धार्मिक स्थल में सेवा कार्य करने अवसर दिया गया। इसके लिए उन्हें वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में सेवा करने का ऑप्शन दिया गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। पुलिसकर्मियों के इच्छानुसार चार दिन बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा तेलीबांधा तथा तीन दिन स्टेशन रोड गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने का अवसर दिया गया है। पुलिसकर्मियों ने अपनी गलती के लिए गुरुद्वारा में मत्था टेककर माफी भी मांगी।

*ये है पूरा मामला : गौरतलब है कि 8 जून को पुलिसकर्मी चंद्रभान सिंह भदौरिया, सुरेंद्र सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह राजपूत तथा दानेश्वर साहू इंटरस्टेट बस टर्मिनल में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान चारों पुलिसकर्मियों ने एक सिख बस ड्राइवर को बस स्टैंड में देर रात तक रहने की वजह पूछी। इस पर ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह एक निजी ट्रैवल एजेंसी का बस ड्राइवर है। इस पर पुलिसकर्मी नाराज हो गए और ड्राइवर के साथ बदसलूकी की तथा मारपीट करते हुए उसकी पग निकालकर केश खींचकर पीटने लगे। इस बात का शिकायत ड्राइवर ने अपने समाज प्रमुखों से की। इसके बाद समाज के लोगों ने शिकायत एसएसपी संतोष कुमार सिंह से की। घटना के बाद टिकरापारा टीआई दुर्गेश रावटे भी गुरुद्वारा पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों द्वारा की गई गलती के लिए माफी मांगी।*

## 81 छात्र पूरक से पास, 26 फेल से पूरक

- कई छात्रों के परिणाम में परिवर्तन, पूर्व में भी छात्र जता चुके हैं रोष

# 216 परीक्षार्थियों के अंकों में पुनर्मूल्यांकन के बाद वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इन तीनों ही कक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद थोक में छात्रों के नतीजों में बदलाव हुए हैं। रविवि द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के मुबातिक, बीकॉम तृतीय वर्ष में 153 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है तथा 111 छात्रों के अंक घटे हैं। हालांकि नंबर घटने या बढ़ने के बाद भी इनके परिणाम अपरिवर्तित ही रहे। बीकॉम तृतीय वर्ष में ही 75 छात्र पूरक से पास हो गए हैं। 26 छात्रों को फेल से पूरक तथा 9 छात्रों को फेल से पास श्रेणी में रखा गया है।

बीसीए द्वितीय वर्ष में 44 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है और 18 छात्रों के अंक घटे हैं। 4 छात्र पूरक से पास घोषित किए गए हैं। बीसीए तृतीय वर्ष में 19 छात्रों के अंक बढ़े हैं और 7 के अंक घटे हैं। 2 को पूरक से पास घोषित किया गया है। सभी छात्रों परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### खराब रहे हैं परिणाम

इस बार रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराया गया। अर्थात प्राध्यापकों को उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की इजाजत नहीं दी गई। इसके स्थान पर उनसे परीक्षा केंद्र में ही कॉपियां जंचवाई गई। रविवि ने इस बार सभी कक्षाओं के परिणाम जल्द तो घोषित कर दिए, लेकिन कई कक्षाओं के छात्रों ने अपने नतीजों पर रोष जताया था। अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं। ना केवल प्रथम वर्ष बल्कि द्वितीय और तृतीय वर्ष के नतीजे भी अधिक उल्लेखनीय नहीं रहे। छात्रों के अपने परिणाम से असंतुष्ट होने के कारण पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या भी अधिक रही है।




- रविवि ने घोषित किए बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम के पुनर्मूल्यांकन नतीजे
- अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं

# अवैध वसूली को लेकर ट्रक मालिक आक्रोशित फिटनेस सेंटर के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वाहन फिटनेस की जांच का निजी क्षेत्र में ठेका देने के बाद ठेका कंपनी पर अवैध वसूली करने के लगातार आरोप लग रहे हैं। ट्रक चालकों से वाहन फिटनेस के लिए 14 सौ रुपए शुल्क लिए जाने के बाद ठेका कंपनी द्वारा फिटनेस देने के नाम पर एक हजार रुपए, जिसे बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया गया है, लेने का आरोप है। इससे नाराज होकर गुरुवार को टाटीबंध यूनियन ट्रक मालिक संघ ने परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ठेका कंपनी के मालिक को सुरक्षा की दृष्टि से अपने साथ थाना लेकर गई।

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व तत्कालीन राज्य सरकार ने वाहनों की हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच करने निजी क्षेत्र को ठेका दे दिया था। नियम के मुताबिक फिटनेस जांच का शुल्क परिवहन विभाग में जमा होता है। रसीद दिखाने पर फिटनेस सेंटर के संचालक वाहनों की फिटनेस जांच कर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट देता है। उस आधार पर परिवहन विभाग वाहन को सड़क में संचालित होने अनुमति प्रदान करता है।

### गुंडों की मदद से डेढ़ा वसूली करने का आरोप

वर्तमान में फिटनेस सेंटर का संचालन करने रोविंग आई प्राइवेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दिया गया है। फिटनेस सेंटर का संचालन किसी आशीष गर्ग के पास है। आरोप है कि जिसने फिटनेस जांच करने का ठेका लिया है, उस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दे दिया है। फिटनेस जांच करने जिस दूसरे व्यक्ति ने ठेका लिया है, उस पर आरोप है कि उसने गुंडों की मदद से वाहन मालिकों को डरा धमकाकर पिछले कुछ दिनों से अवैध वसूली की राशि एक हजार रुपए से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया है। वाहन मालिक इसी बात से नाराज थे।

- फिटनेस के नाम पर गुंडों की मदद से हजार की जगह डेढ़ हजार रुपए वसूली का आरोप
- अफसर बोले जांच के बाद कार्रवाई करेंगे





### जांच के बाद आयुक्त को पत्र लिखेंगे

ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया है। ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। आरोपों की जांच करने के बाद फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने आयुक्त को पत्र लिखेंगे।

- **आशीष देवांगन,** आरटीओ रायपुर

### फिटनेस जांच कराने का यह नियम

ट्रांसपोर्ट वाहन को आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद हर दो साल में फिटनेस प्रमाण निरीक्षण कराना अनिवार्य है। आठ साल से ज्यादा उम्र के ट्रांसपोर्ट वाहन को प्रत्येक वर्ष फिटनेस निरीक्षण कराना होता है। यह नियम यात्री तथा माल वाहक दोनों के लिए है। वाहन मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक पर आरोप लगाया है कि फिटनेस सेंटर संचालक वाहनों की बगैर फिटनेस जांच किए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर देता है। इससे परिवहन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण करने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### वाहनों को कई-कई दिनों तक रोके रखने का आरोप

वाहनों का फिटनेस सेंटर में ऑटोमैटिक हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच की जाती है। वाहन मालिकों का आरोप है कि फिटनेस सेंटर का संचालक अतिरिक्त शुल्क लेने के बाद भी वाहनों की फिटनेस जांच करने के नाम पर वाहनों को कई-कई दिनों तक सेंटर में रोक कर रखता है। फिटनेस सेंटर के संचालक पर वाहनों का जल्द फिटनेस कराने बिचौलियों की मदद से अतिरिक्त शुल्क वसूली करने का आरोप लगाया है।

# भाजपा की जिलों में कार्यसमिति 15 से 20 जुलाई और मंडलों में 21 से 25 तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। एक दिन पहले ही राजधानी रायपुर में हुई प्रदेश कार्यसमिति में नगरीय निकाय चुनाव पर बड़ा मंथन किया गया है।

इसमें भाजपा ने पूरी ताकत झोंकने का फैसला किया है। राष्ट्रीय नेताओं ने साफ शब्दों में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चेताया है कि प्रदेश में सरकार होने के कारण अतिआत्मविश्वास में न रहें और नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनाव के लिए पूरी मेहनत करें। इस बार ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर जीत की रणनीति बनाई गई है। ऐसे में अब जिलों की कार्यसमिति के लिए 15 से 20 जुलाई और इसके बाद मंडलों के लिए 21 से 25 जुलाई की तिथि तय की गई है। जिलों की कार्यसमिति में प्रदेश के पदाधिकारी जाएंगे और मार्गदर्शन देंगे। विधानसभा के साथ ही लोकसभा में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इसके बाद भाजपा की नजरें अब नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनावों पर है। भाजपा इस बार इन चुनावों में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करके ज्यादा स्थानों पर जीतना चाहती है। नगर निगमों में भाजपा के पास बीते चुनाव में कोई महापौर नहीं बन पाया था, हालांकि तब कांग्रेस सरकार ने महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष करवाया था। इस बार प्रदेश की भाजपा सरकार महापौर के साथ नगर पालिका के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष करवाने की रणनीति पर काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### प्राक्चयन परीक्षा परिणाम जारी

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का जिलेवार परीक्षा परिणाम ऑनलाइन पोर्टल पर जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि परीक्षा परिणाम में रोल नंबर, नाम में कोई भी विसंगति हो तो विद्यार्थी अपने अभ्यावेदन में पूर्ण विवरण एवं मोबाइल नंबर की जानकारी ईमेल आईडी पर 14 जुलाई 2024 तक रात्रि 12 तक प्रेषित कर सकते हैं।

### छग राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यकारणी सदस्य बने धर्मेंद्र

**महासमुंद।** स्थानीय अयोध्या नगर निवासी विहिप धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख धर्मेंद्र महोबिया को छग राज्य बाल कल्याण परिषद का कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। महासचिव छग राज्य बाल कल्याण परिषद चंद्रेश साह ने हस्ताक्षरित पत्र जारी कर नियुक्ति पत्र जारी की है। परिषद के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल के अनुमोदन से महोबिया को सदस्य नामित किया गया है। महोबिया की नियुक्ति से विहिप नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।



### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के राज्य संयोजक राजू भारतवासी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में सौंपा गया। इस मौके पर राजू भारतवासी ने बताया कि एमएस एक्ट-2013 के तहत सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने एवं अनुसूचित जाति के वंचित सफाई कर्मचारी समाज जातियों के विकास के लिए, राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के साथ चर्चा की। आयोग के अध्यक्ष ने अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए उचित निर्णय लेकर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### अशोक बने अध्यक्ष इकबाल उपाध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा मेट्रो हाइट्स रेजिडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी की चुनाव प्रकिया रिटर्निंग ऑफिसर सुमीत डडसेना के नेतृत्व में गुरुवार को की गई। श्री डडसेना ने बताया कि इस चुनाव में अध्यक्ष अशोक कुमार छाजेड़ को बनाया गया और उपाध्यक्ष इकबाल सिंह भामरा को चुना गया। साथ ही आकाश पंजवानी को रायपुर जिला सहकारी संघ मर्यादित का प्रतिनिधि निर्विरोध घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त संचालक मंडल में पूजा जैन, रेखा झंवर, सीताराम अग्रवाल, हेमंत पारवानी, मोहन कुमार कलवानी, श्रीचंद सचदेव एवं दीपक गिदवानी को संचालक मंडल का सदस्य बनाया गया।

### साहू संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** साहू मिश्र मंडल शहर जिला साहू संघ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान और गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क कापी वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संतोषी नगर स्थित कर्माधाम में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष फागूलाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होंगे।

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार में शामिल होंगे देवांगन

**रायपुर।** उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सेमीनार शुक्रवार 12 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल सयाजी रायपुर में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगें। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी अहम साबित होगा।

# जमदरहा मोड़ से लेकर दुर्गापाली मोड़ तक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली-सरसीवां मार्ग के रखरखाव के अभाव में जहां डामर की परतें उखड़ने लगी हैं। वहीं जगह-जगह गड्ढे बनने से आवागमन पुरी तरह से बाधित हो रही है। सागरपाली के पास सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जमदरहा मोड़ से लेकर दुर्गापाली मोड़ तक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों का आकार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। गायत्री कंप्यूटर के सामने तो डबरीनुमा गड्ढा बन चुका है। इस डबरीनुमा गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना हो रही है। इधर, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दी जा रही है। विभाग आखिर किस बात का इंतजार कर रहा है। समय रहते अगर इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो जान माल की हानि हो सकती है।

पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। क्षतिग्रस्त सड़क पर काम चलाऊ मुरम मिट्टी पाट देने से बारिश के समय सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है। बताया गया है कि पिछले वर्ष ही विभाग द्वारा सड़क मरम्मत



(रिन्यूवल) का काम कराया गया था। मगर सालभर के भीतर ही सागरपाली के पास सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत करने की मांग की है। मगर, विभाग मरम्मत करना तो दूर गड्ढे भरने का काम भी नहीं कर रहा है। स्थानीय लोग ही गड्ढों को मुरूम मिट्टी एवं ईंट के टुकड़ों से पाट रहे हैं।

यह ज्ञातव्य हो कि सिरपुर- सरायपाली- सरसीवां- हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पिछले साल कांशीपाली से बिछिया तक करीब 6 किमी एवं इस वर्ष डोंगरीपाली से माता नाला तक करीब 2 किलोमीटर का मरम्मत कार्य कराया गया है। पूरे सड़क का रिन्यूवल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था। मगर, ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। यह सोचने वाली बात है। सड़क का इतनी जल्दी खराब होना कहीं न कहीं सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही को ही उजागर कर रहा। इस मार्ग से होकर रोजाना जनप्रतिनिधि, सत्ता पक्ष से जुड़े नेता, अधिकारी गुजरते हैं क्या उन्हें ये बड़े-बड़े गड्ढे नजर नहीं आते या फिर जानबूझकर इन गड्ढों को अनदेखा कर रहे हैं।

### सड़क किनारे साइड सोल्डर की सफाई नहीं

सड़क किनारे फुटपाथ (साइड सोल्डर) की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आई हैं। सड़क किनारे उगे बेर, बबूल, गोहेरा, खजूर की कंटीली झाड़ियां राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे इन झाड़ियों का नियमित साफ-सफाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। झाड़ियों की वजह से बड़े वाहनों के आने से साइड देने या ओवरटेक करने में दिक्कत होती है और इसी समय दुर्घटनाएं हो रही हैं।

**सुविधा:** स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन

# स्वास्थ्य विभाग के संचालन में मितानिनों का अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शुक्रवार को नयापारा स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित कक्ष का जायजा भी लिया। वहीं उन्होंने कार्यक्रम में मितानिनों को सम्मानित भी किया। अस्पताल में बने अतिरिक्त कक्ष में छोटे बच्चों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था की जाएगी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के संचालन में मितानिन



बहनों का महत्वपूर्ण योगदान है। गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के देखभाल में भी इनका सराहनीय भूमिका रहती है। स्वास्थ्य विभाग के जमीनी कार्यों को मितानिन पूरी मेहनत और लगन से कर रही है। इसके लिए उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन बहनों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। इसलिए हमारी सरकार ने मितानिनों का सम्मान करते हुए सीधे उनके खाते में प्रोत्साहन राशि जारी की है। इससे मितानिन बहनों को उनके मेहनत की राशि के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने मितानिनों से कहा कि आप सभी इसी तरह सरकार के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाते रहे। इससे लोगों का स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहेगा।

### भाजपा शासन में आवश्यक दवाइयों की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल: विनोद

**महासमुंद।** भाजपा राज में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। हर क्षेत्र में विफल सरकार प्रदेश की जनता को मुफ्त दवाई उपलब्ध कराने में असमर्थ साबित हो रहा है। जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में मरीजों को दवाइयां ही नहीं मिल रही है। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जिला अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कही। चंद्राकर ने कहा कि विष्णु सरकार द्वारा सरकारी अस्पताल में मरीजों को 24 घंटे बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के दावों की जमीनी हकीकत की पोल खुल गई है। जिला अस्पताल की हालत नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली है। आज अस्पताल की डिस्पेंसरी में जरूरी दवाइयां नहीं मिल रही है। मजबूरीवश गरीब मरीजों को बाहर से ही महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी 600 से भी अधिक पहुंच रही है। गरीब मरीज मुफ्त इलाज की आस में जिला अस्पताल पहुंचते हैं, ऐसे में उन्हें जरूरी दवा डिस्पेंसरी में नहीं मिलने से वे मजबूर होकर दुकानों से महंगी दवाई खरीदने विवश हैं। वर्तमान में जिला अस्पताल में रेगुलर जरूरी दवाओं में मल्टीविटामिन टेबलेट, मल्टी विटामिन इंजेक्शन, डाइक्लोफिनेक टेबलेट, प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत जरूरी टैबलेट मीसाप्रोसटल, पेनेरामाइन इंजेक्शन सहित मरीजों को दिए जाने वाले दर्जनों जरूरी दवाइयों की कमी बरकरार है।



# तुमगांव में धूमधाम से मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पंचायत तुमगांव में नगर की आराध्या देवी नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर में धूमधाम से जुड़वास माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। मां शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष पप्पू पटेल, जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सर्वप्रथम मां शीतला का विशेष श्रृंगार फूलों से गहनों से किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में विराजे नगर के एक मात्र पंचमुखी शितलेश्वर महादेव को भी सजाया गया। फिर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर धर्मपत्नी हेमलता चंद्राकर द्वारा नगर पुरोहित मंदिर समिति के मुख्य पुजारी पं विकास मिश्रा,



समिति के उप अध्यक्ष पं अरविंद शर्मा आदि की उपस्थिति में मां शीतला का हल्दी दूध गंगाजल पंचगव्य से अभिषेक कर पूरे विधि विधान से आरती व पूजा अर्चना की गई। मां शीतला को 56 भोग भी लगाया गया। बाद जुड़वास का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। लोग ठंडाई लेने भारी संख्या में शीतला मंदिर पहुंचे। नगर के सेवकों द्वारा माता का जसगीत गाया गया और प्रसाद के रूप में शीतला माता को प्रिय चना दाल का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए नीम के पौधे को रोपण के लिए वितरित किया गया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले में खरीफ वर्ष 2024 में ग्राम स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन एवं राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है, जिसका बीमा 31 जुलाई 2024 तक कराया जा सकता है। इसी प्रकार रबी वर्ष 2024-25 में ग्राम स्तर पर चना, गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित एवं राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर राई, सरसों एवं अलसी फसलों को अधिसूचित किया गया है, जिसका बीमा 31 दिसंबर 2024 तक कराया जा सकता है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने किसानों को नजदीकी बैंक एवं सहकारी समितियों से संपर्क कर फसल बीमा कराने और योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2024 का सुगमतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। जिसके लिए कृषकों की जानकारी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल में इंद्राज करने के लिए पोर्टल को लाइव किया गया है। कश्यप ने समय सीमा में कृषकों की जानकारी पोर्टल में इंद्राज किए जाने संबंधित अधिकारियों को अपने अधीनस्थ बैंक, समिति, वित्तीय संस्था एवं लोक सेवा केंद्र को खरीफ 2024 योजना अंतर्गत कृषकों के पंजीयन के लिए राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल लाईव होने की जानकारी से अवगत कराते हुए ऋणी एवं अऋणी कृषकों की पंजीयन की कार्रवाई के लिए निर्देशित करने कहा है।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** वन महोत्सव कार्यक्रम विभाग द्वारा ग्राम खैरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश मां के नाम एक पेड़ लगाने को लेकर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, अध्यक्षता विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। इस मौके पर प्रदीप चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभापति वा पार्षद पवन पटेल, संदीप दीवान, रमेश साहू, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, मंगेश टाकशाले, मुन्ना साहू आदि मौजूद रहे।

# समाज कल्याण विभाग के वेलफेयर ऑफिसर के नाम पर फर्जी कंपनी, हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज कल्याण विभाग में वेलफेयर पद पर पदस्थ एक अफसर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ उनका पर्सनल डेटा चोरी कर उनके नाम से दो कंपनी संचालित करने की आमानाका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अफसर को अपने नाम से कंपनी संचालित होने की जानकारी आईटी रिटर्न दाखिल करने के समय हुई है। पुलिस के मुताबिक एम्स अस्पताल के पास रहने वाले मनीष पाठक ने अज्ञात के खिलाफ फर्जी तरीके से अपने नाम की कंपनी बनाने की शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात हैकर उनका ऑनलाइन आधार, पैन कार्ड हासिल कर उनके बगैर जानकारी के उनके नाम से पाठक इंटरप्राइजेस तथा आयशा इंटरप्राइजेस नाम की कंपनी बनाई है। दोनों कंपनी में अब तक दो करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन किया गया है।

# वार्ड भ्रमण पर निकली नपाध्यक्ष ने लगाई जनचौपाल, समस्या सुन किया निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुवार देर शाम शहर के नयापारा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग वार्ड भ्रमण पर रही। इस दौरान श्रीमती महिलांग को नागरिकों ने वार्ड की कुछे समस्याओं की जानकारी दी, जिसका नपाध्यक्ष ने मौके पर ही निराकरण कर नागरिकों को राहत दी।

पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग शहर के नयापारा क्षेत्र के वार्ड 6, 7, 8 और वार्ड 11 में भ्रमण पर थी। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को वार्डवासी अपने बीच पाकर खुश हुए। नपाध्यक्ष को वार्डवासियों ने वार्ड में मूलभूत से जुड़ी नाली, सफाई, कुछेक एक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने और नलों में जलापूर्ति में दिक्कत जैसी छोटी-छोटी समस्याओं से अवगत कराया। श्रीमती महिलांग ने मौके पर ही जनचौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनी और विभाग प्रमुखों से फोन पर बात कर समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।



वार्डवासियों ने इसके लिए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग का आभार जताया। इस दौरान उनके साथ अध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा, अरिश अनवर और वार्डवासियों में मोहम्मद वली, कुमारी यादव, सोहन साहू, पवन साहू, कुमार विश्वकर्मा, अहिल्या यादव, घासीराम यादव, नेहरू नाग, शेख़ इस्माइल, ताज बी, लीला विश्वकर्मा, अज़ीमुद्दीन, रुखमणी यादव, हिरण नाग, कुमारी बघेल, संजय चंद्राकर, आकाश देवांगन, किशन यादव समेत अन्य मौजूद रहें।

# गोंचा महापर्व में भगवान जगन्नाथ को 56 भोग का किया गया अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर गोंचा महापर्व के रियासतकालीन परंपरानुसार आज शुक्रवार देर शाम को गुडिचा मंदिर-जनकपुरी, सिरहासार भवन में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी को 56 भोग का अर्पण किया गया। 56 भोग का अर्पण में ओंकार पांडे का परिवार का योगदान लगातार चला आ रहा है। समाज के पंडित उदयनाथ पानीग्राही एवं शुभांशु पाढ़ी के माध्यम से पूरे विधि-विधान के साथ 56 भोग के अर्पण का पूजा विधान संपन्न करवाया गया।

- गुडिचा मंदिर-जनकपुरी, सिरहासार भवन में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज ने अर्पित किया

समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व में रियासतकालीन परंपरानुसार जगन्नाथ स्वामी को लगाए जाने वाले 56 भोग का बड़ा महत्व है। भगवान जगन्नाथ भगवान कृष्ण के अवतार माने जाते है। भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला के साथ 56 भोग को जोड़कर देखा जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वामी को 56 भोग का अर्पण में 56 प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं, जिसे छप्पन भोग कहा जाता है। भगवान जगन्नाथ को अर्पण किये जाने वाले 56 भोग में रसगुल्ले,दही, चावल, पूरी, पापड़ इलायची आदि होता है।



बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि शास्त्रसम्मत एवं पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 56 भोग विधिवत सर्वप्रथम भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत धारण करने के सात दिनों बाद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को भगवान कृष्ण को अर्पण किया गया था। लेकिन श्रद्धानुरूप भगवान श्रीहरि-जगन्नाथ-श्रीकृष्ण को 56 भोग का अर्पण किसी भी शुभ अवसर पर किया जा सकता है। हिन्दू मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीहरि-जगन्नाथ-श्रीकृष्ण को एक दिन में आठ पहर अर्थात 8 बार भोग का अर्पण किया जाता है। सात दिन और आठ प्रहर के हिसाब से 56 प्रकार का भोग लगाने की परंपरा है।

### खारुन के एसटीपी का बिजली बिल बचाने सोलर पैनल प्लांट लगवाएगा नगर निगम

**रायपुर।** खारुन नदी में 17 नालों का गंदा पानी साफ करने लगाये गये तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के भारी-भरकम बिजली बिल बचाने नगर निगम सोलर प्लांट लगाने की तैयारी में है। इसके लिए 2.8 मेगावाट की बिजली बनाने 13 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। यह पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगा। प्रस्ताव को अमृत मिशन के अधिकारियों ने निगम के बिजली विभाग के पास आगे बढ़ाया है। यहां से इसे परीक्षण के लिए क्रेडा को प्रपोजल भेजा जायेगा। क्रेडा के समन्वय से सोलर प्लांट का कार्य कराने की योजना है। खारुन नदी में गिर रहे नालों के सीवरेज के पानी को उपचारित करने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज प्लांट लगाया गया है।

## खबर संक्षेप



### प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं मधुमती

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय एक दिवसीय महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षण नारी शक्ति से जल शक्ति की थीम पर 10 जुलाई को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस प्रभारी मधुमती चंद्राकर भी कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण में शामिल हुई। एनएसएस प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों को पूर्ण करने एवं सक्रिय सहभागिता के लिए प्राचार्य जीआर सिन्हा, व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, विवेक राहटगांवकर, पूजा साहू, चंद्रशेखर मिथलेश एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का महाअभियान के तहत वन महोत्सव 2024 ग्राम खैरा में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में पार्षद, नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 20 को

**महासमुंद।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 20 जुलाई 2024 को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग सब जुनियर ग्रुप 10 से 14 वर्ष, बालक/बालिका, जूनियर ग्रुप 14 से 18 वर्ष, बालक/बालिका, सीनियर ग्रुप 18 से 28 वर्ष बालक/बालिका के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में चार इवेंट ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक योगासन डबल, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल एवं आर्टिस्टिक योगासन डबल शामिल है। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी 20 जुलाई 2024 को सुबह 8 बजे प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर खेल प्रतियोगिता भाग ले सकते हैं।

**अभियान:** नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान अंतर्गत लिया गया शपथ

# विधायक योगेश्वर ने आंगनबाड़ी केंद्र में रोपे कटहल के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत

**जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत फलदार पौधे का किया गया रोपण**



जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों मे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महासमुंद में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा पंचशील वार्ड में स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में कटहल पेड़ रोपण कर जिले में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने भी आंगनबाड़ी परिसर में बेल, अमरूद, आंवला आदि पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई और सीखने की पहली सीढ़ी आंगनबाड़ी केंद्र है। यहां परिसर में रोपे गए पौधे बच्चों के स्मृति पटल पर सदैव छाए रहेंगे। इससे उन्हें पेड़ बचाने का संकल्प जीवन भर याद रहेगा और वे पेड़ों को सुरक्षित भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम से पौधों का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने जल संचयन के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति जब जल संचयन के लिए आगे आएंगे, तब जल का वास्तविक संरक्षण होगा। इस अवसर पर पार्षद मनीष शर्मा ने बेल के पौधे रोपे। बच्चों को चॉकलेट और किट भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वच्छ और साफ रखने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कूलर, पंखा और टीवी जैसे सुविधाएं उपलब्ध है। जिससे अध्ययन, अध्यापन का कार्य मनोरंजक और सुविधाजनक हुआ है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पांच-पांच पौधे लगाए गए है। इसके अलावा कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के घरों में भी फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। जिससे आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का प्रयास है, जिससे जलसंरक्षण में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा सके। साथ ही सरकार के जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रामवासियों को जलसंरक्षण करने के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी।

इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को भी लाभ दिया जाएगा। साथ ही अभियान के दौरान बेटियों के जन्म, शिक्षा एवं बाल विवाह रोकथाम को प्रोत्साहित करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शुभ्रा शर्मा, प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, परियोजना अधिकारी शैल नाविक, सुपरवाईजर शीला प्रधान, कुंती यादव, रितु सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा सहित स्थानीय महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

## स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान में लोगों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **पालिकाध्यक्ष व सीएमओ के निर्देशन में बंधवा तालाब में की गई सफाई**

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के दिशा-निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार के मार्गदर्शन में नगर के बंधवा तालाब के तट पर सफाई अभियान चलाया गया। शहरवासियों ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य को शारीरिक और मानसिक स्तर पर स्वस्थ रखती हैं। स्वच्छता का अर्थ है- साफ-सफाई। अगर हम अपने आसपास की सफाई नही रखेंगे तो बीमारियों के फैलने का डर बना रहता हैं। हमारे आसपास जितनी गंदगी रहेगी, उतना ही हमारे अस्वस्थ होने की संभावना बनी रहेगी। शहरवासियों ने स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले लोगों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह जनहित के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक नीतू प्रधान, प्रभारी नौशाद बक्श, रमा महानंद उपस्थित रहे।

## जागेश्वर ने पटवारियों के आंदोलन को दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सदस्य व किसान नेता जागेश्वर चंद्राकर ने राजस्व पटवारी संघ जिला महासमुंद के हड़ताल स्थल में उपस्थित होकर हड़ताल को समर्थन दिया। जागेश्वर ने पटवारियों की 32 सूत्रीय मांग को किसान हित में,न्यायोचित मांग बताया। चंद्राकर ने कहा कि भुंइया की गड़बड़ी के कारण किसान और पटवारी दोनों बहुत परेशान है। अतः भुंइया की गड़बड़ी को अतिशीघ्र दूर किया चाहिए। जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने 32 बिंदुओं को सविस्तार समझाया। आज के हड़ताल में जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, तहसील अध्यक्ष महासमुंद चंद्रभान साहू, तहसील अध्यक्ष बागबाहरा नीरज वर्मा, नितेश श्रीवास्तव, खम्मन साहू, संतोष चंद्राकर, राकेश थवाईत, दिनेश प्रधान, देवेंद्र इंगोले सहित काफी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने नाचा गम्मत के कलाकार मंचीय प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को कर रहे हैं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ शासन के आव्हान पर प्रदेशव्यापी अभियान को सफल बनाने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत कका भतीजा सराईपाली कोमाखान जिला महासमुंद के कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर पहल करते हुए गांव-गांव में मंच के माध्यम से लोगों को स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ साथ सुंदर संदेश देने का कार्य कर रहे हैं। जिसमें कलाकारों द्वारा पौधरोपण कर उन्हें बचाने का संकल्प एवं पर्यावरण संरक्षण



करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। संस्था के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि उनके संस्था द्वारा लगातार लोगों को मंचिय प्रस्तुति के माध्यम से पौधरोपण करने के साथ उन्हें संरक्षण करने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा हैं। ज्ञात हो कि यह संस्था द्वारा अनेक जनजागरुकता कार्यक्रम सहित शासन-प्रशासन के अनेक प्रकार के महत्वकांक्षी योजनाओं को मंच के माध्यम से प्रस्तुति कर लोगों को मनोरंजन करने के साथ ही जागरूक करने का कार्य किया जा रहा हैं।

## सीएमओ ने ली जल सप्लाई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुढ़ेना में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं तुमाडबरी स्थित एसएलआरएम सेंटर में गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने प्लांट के कर्मचारियों से पानी को साफ करने व शुद्ध जल की सप्लाई के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्लांट में डाले जाने वाले ब्लीचिंग पाउडर के खाली बोरी को खुले में डालने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नाराजगी जताई। वहीं तुमाडबरी सेंटर में आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में सफलता के लिए कार्य योजना तैयार करने एसएलआरएम सेटंर की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने सूखा एवं गीला कचरे के पृथक्करण में सहूलियत तालिका अनुसार अवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के



लिए प्रस्ताव दिए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जल प्रभारी सीताराम तेलक, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन, आंगनबाड़ी में लगाया पौधा



**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 09 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। बरसात के मौसम में उक्त स्थान पर पक्की सड़क नहीं होने के कारण परेशानी हो रही थी। वार्ड पार्षद माधवी सिका ने पार्षद निधि से उक्त रोड निर्माण के लिए राशि प्रदान किया है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार अपने वादे के अनुसार सारे कार्य कर रही है। राज्य के साथ-साथ हमारा महासमुंद भी विकास की नई गाथा लिखेगा। उन्होंने कहा कि अभी शुरुआत है। आगे और भी विकास कार्य से महासमुंद की जनता को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं उन्होंने वार्ड 09 के आंगनबाड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप भी इस अभियान से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें। इससे हमारे पर्यावरण को काफी लाभ पहुंचेगा। पर्यावरण संरक्षण में आप सभी की भागीदारी रहेगी। क्योंकि, पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित रखना देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेतागण प्रकाश शर्मा, झनक लाल साहू, वार्ड पार्षद माधवी सिका, देवीचंद राठी, हफीज कुरैशी, महेंद्र सिका, हनीश बग्गा सहित वार्डवासी उपस्थित थें

# भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा 17 को निकलेगी, शुरु हुई तैयारियां

## प्रातः आरती, भजन कीर्तन, महाआरती छप्पन भोग प्रसादी के बाद बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी बाहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ करण महांती समाज, मां तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में बाहुड़ा प्रतिवर्ष धूमधाम से निकाली जाती है। इस वर्ष भी 17 जुलाई को जगन्नाथ भगवान की बाहुड़ा यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। ऐसी मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल दूज के दिन जगन्नाथ भगवान, भ्राता बलभद्र एवं बहन सुभद्रा रथ यात्रा में अपने मौसी के यहां पहुचते हैं। 9 दिन अपने मौसी के यहां विश्राम करने के पश्चात उसी रथ में सवार होकर अपने घर वापस आते हैं। भगवान के इसी वापसी को बाहुड़ा यात्रा के रूप में मनाया जाता है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन भगवान मंदिर में विराजित हो जाते है और उसी दिन से चतुर्मास प्रारम्भ हो जाता है। सभी शुभ कार्य प्रतिबंधित हो जाते हैं। इस भी वर्ष बाहुड़ा यात्रा का आयोजन छग करण महान्ती समाज द्वारा किया जा रहा है। समाज की बैठक में कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के अनुसार इस दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिन 16 जुलाई को संध्या 5 बजे दलदली रोड स्थित जोशी के निवास से भगवान जगन्नाथ के रथ को विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में लाकर भगवान जगन्नाथ,



भ्राता बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। रात्रि आरती के पश्चात देर रात तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 17 जुलाई बुधवार को प्रातः आरती 9 बजे, उसके बाद 3 बजे तक भजन कीर्तन अपरान्ह 3 बजे महाआरती छप्पन भोग, प्रसादी के बाद बाहुड़ा यात्रा बाजे गाजे भक्ति संगीत, भजन कीर्तन एवं उत्कल मंगल ध्वनियों के साथ राम जानकी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। बाहुड़ा यात्रा की शुरूआत प्रतीकात्मक रूप में पुरी के राजा द्वारा छेरा पोहरा से किया जाएगा। इस वर्ष बाहुड़ा यात्रा में राजा के प्रतिनिधि के रूप में इस कार्य के लिए पवित्र महांती को मनोनीत किया गया। छत्तीसगढ़ करण महांती समाज ने नगर के समस्त नागरिकों, समाजों एवं भक्तजनों से अपील की है कि बाहुड़ा यात्रा में शामिल होकर यात्रा की शोभा बढ़ाएं एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें। बाहुड़ा यात्रा 17 जुलाई 2024 दिन बुधवार को संध्या 5 बजे सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से प्रारंभ होकर मेघबसंत कॉलोनी के सामने गली से होते हुए पुराना मंडी रोड से मेन रोड, स्वामी चौक, नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर में विसर्जित होगा। बाहुड़ा यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए उत्कल कलाकारों का डीजे भक्ति संगीत, गुरूकुल आश्रम के नन्हें कलाकारों का करतब आकर्षक सनातनी प्रदर्शन की प्रस्तुति होगी।

# संभाग स्तरीय स्पर्धा में महासमुंद, धमतरी का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद में हैंडबॉल में अंडर 17 गर्ल्स की टीम में केवि महासमुंद ने बाजी मारकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 बॉयज टीम में केवि धमतरी ने दबदबा बनाकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। अंडर 14 बॉयज एंड गर्ल्स में केवि महासमुंद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन स्पर्धा अंडर 14 बॉयज में कृतेष कुमार केवि सीआरपीएफ बिलासपुर, अंडर 17 बॉयज में अरहत राहुल केवि राजनांदगांव, अंडर 19 बॉयज में परम गुप्ता केवि बैकुंठपुर तथा अंडर 14 गर्ल्स में मोई दास केवि जशपुर, अंडर 17 गर्ल्स श्रेया मंडल केवि दुर्ग, अंडर 19 गर्ल्स लिमसा राजेश केवि कोरबा 2 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में संजय कंसल प्राचार्य केवि महासमुंद ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन करने शुभकामनाएं प्रदान किए। तीन दिवसीय कार्यक्रम में नुमेश कुमार, घनश्याम, इमरान अली तथा अन्य प्रशिक्षकगण का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। सोहन लाल साहू एवं भारती वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर केवि महासमुंद का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि केवि संगठन रायपुर संभाग के 20 विद्यालयों के 189 बच्चों एवं 25 अनुरक्षकों, 13 ऑफिशियल ने खेल भावना का सम्मान करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



आयोजन को सफल बनाने में एसके सिंह, रोहिता, लोकेश, वंदना, प्रताप सोनी, विवेकानंद प्रधान, प्रभात देवांगन, रवीना, तुलसी राम चंद्राकर, निर्मलकर, नील माधव, सूर्या, अरुण, भूमिका साहू, हुलसी साहू, प्रवीण, विजेता, सोनिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक कांता एक्का ने किया।

# परकोम में मनाया माता पहुंचनी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम परकोम में आषाढ़ माह के गुरुवार को माता पहुंचनी का पर्व परंपरा के अनुसार मनाया गया। इस दिन गांव में मुनादी कर खेती किसानी कार्य बंद भी रखा गया। जहां माता देवालय में मां शीतला की पूजन अर्चन करने श्रद्धालु नारियल अगरबत्ती फूल पान लेकर पहुंचते रहे। बहरहाल, लोगों ने मां शीतला से बीमारियों से दूर एवं परिवार के सुख समृद्धि के लिए कामना की। वहीं संध्या होते ही गांव के बैगा के अगुवाई में जसगीत मंडली द्वारा मांदर झांझ मंजीरा के थाप पर माता



जसगीत गाते हुए ग्राम के महिलाएं, पुरुष व बच्चे सभी ने ग्राम भ्रमण कर शीतला मंदिर पहुंचे। जहां भक्तों ने निरोग रहने मां शीतला का आशीर्वाद लिया और नीम हल्दी युक्त पानी से नीम की ढहनी से सभी भक्तों को ठंडाई का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर सरपंच चिंतामणी चंद्राकर, पुरुषोत्तम पटेल, नेतराम पटेल, कृष्णचंद पटेल, किशोर चतुर्वेदी, पुसाऊ निषाद, लक्ष्मण पटेल, दयालाल पटेल, गजानंद, ईश्वर, इंद्रा कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।